राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकःएफ 23(80)(1)/लेखा/आकाशि/छात्रवृत्ति/बा.दू.शि.यो/2022–23/1954 दिनांक : 8/2/2023

समस्त प्राचार्यगण,
राजकीय एवं निजी महाविद्यालय, राजस्थान।
(वर्धमान खुला विश्वविद्यालय एवं इंदिरा गाँधी खुला विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र)

विषय – बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना वर्ष 2022–23 हेतु छात्राओं के लिए फीस पुनर्भरण हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाने के व्यापक प्रचार–प्रसार के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए **"बालिका दूरस्थ शिक्षा"** योजनान्तर्गत फीस पुनर्भरण हेतु पोर्टल दिनांक 02.12.22 से 31.12.22 तक दूरस्थ योजना के अंतर्गत अध्ययनरत छात्राओं के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु खोला गया था। तत्पश्चात आवेदन दिनांक की अवधि में 15.01.23 एवं वर्तमान में 15.02.23 तक की वृद्धि की गई हैं।

योजना से संबंधित नियम दिशा–निर्देश विभागीय वेबसाइट https:// hte.rajasthan.gov.in/ के Home Page पर Online Scholarship पर उपलब्ध हैं। दूरस्थ शिक्षा में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन विभाग की वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/ द्वारा SSO Id से Login कर Citizen App-G2C के "Scholarship (CE,TAD,Minority)" Icon पर Click कर किया जा सकता हैं।

इस क्रम में आपसे आग्रह हैं की उक्त योजना के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु व्यक्तिशः रूचि लेकर अध्ययनरत छात्राओं को SMS/Email अथवा दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर, स्थानीय समाचार पत्रों में प्रेस नोट जारी कर तथा क्षेत्रीय कार्यालयों एवं अध्ययन केंद्रों के नोटिस बोर्ड पर योजना की सम्पूर्ण सूचना चस्पा कर समुचित प्रचार–प्रसार करते हुए छात्राओं से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरवाया जाना सुनिश्चित करावे, जिससे की राज्य सरकार द्वारा संचालित इस योजना का छात्राओं को अधिकतम लाभ सुलभ हो सके।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
जयपुर

क्रमांकः एफ23(80)(1)/लेखा/आकाशि/छात्रवृत्ति/बा.दू.शि.यो/2022–23/1955-1958 दिनांक : 8/2/2023
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं –

1. निजी सचिव शासन सचिव, उच्च शिक्षा।
2. नोडल ऑफिसर , बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना।
3. प्रभारी वेबसाइट को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
4. रक्षित पत्रावली।

sd—
मुख्य लेखाधिकारी
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
जयपुर